प्रेस-विज्ञप्ति दिनांक 19.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त ने ली स्पेयरो की समीक्षा बैठक

भिलाईनगर/ आज शाम निगम सभागार में स्पेयरो के कर वसूली अभिकर्ताओं , टीएल, सीपी तथा प्रबंधक के साथ आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने बैठक लेकर निगम के 12 प्रदाय किये गये वैध नल कनेक्शनों और उनके द्वारा कर भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उनसे इस बात की भी जानकारी ली कि सेक्टर क्षेत्र को छोड़कर भिलाई नगर निगम क्षेत्र में कुल आवासीय मकान कितने हैं उनमें से कितने पंजीकृत करदाता है और कितने ऐसे नल कनेक्शन हैं जिनसे चोरी छिपे जल का उपभोग किया जा रहा है या कितने ऐसे कनेक्शन है जिनमें पाईप लाईन तो लगी है किन्तु जल की आपूर्ति नहीं होती कितने अवैध नल कनेक्शन धारियों के विरुद्ध नोटिस की कार्यवाही की गई है और नोटिस के बाद भी कर भुगतान न करने वालों पर किस प्रकार की कार्यवाही की गई है कितने लोगों के द्वारा नियमानुसार तय कर से कम राशि देकर एडजेस्टमेंट के प्रयास किये गये हैं। जोन स्तर पर अधिकारी, कर्मचारियों से प्राप्त सहयोग और अपेक्षित सहयोग क्या है विलंब से कर पटाने वाले पर दण्डात्मक शुल्क की वसूली कितनी और कैसे की जा रही है जल कर के अलावा दुकान किराया और सम्पत्तिकर की वसूली की क्या स्थिति है के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

इस समीक्षा बैठक में इस बात की आवश्यकता महसूस की गई कि करों के बड़े बकायादारों और उद्योगपतियों पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही होनी चाहिए और इसके लिए स्पेंयरो के साथ-साथ जोन आयुक्तों को भी अगली बैठक में कर वसूली की पूरी जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये। इस बैठक में आयुक्त महोदय के साथ उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं सम्पत्तिकर और जलकर आवास तथा सम्पदा के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।